तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

12 नशे के खिलाफ प्रशासन सख्त: कलेक्टर ने दिए अवैध बिक्री और ..



13 बालोद में सड़क सुरक्षा माह के दौरान एक ...





## खबर संक्षेप

### जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सफलतापूर्वक जारी

**बालोद।** राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में अब तक 01 लाख 34 हजार 778 किसानों से 63 लाख 85 हजार 959 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर 1516 करोड़ 14 लाख 08 हजार 832 रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### देवरी में 30 को मेला मड़ई और दो दिवसीय मानस महोत्सव होगा

**बालोद/निकुम।** बाल विकास नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी देवरी द बड़े पारा में आगामी 30 जनवरी शुक्रवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया है। वही 31 जनवरी और 1 फरवरी को दो दिवसीय मानस महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक प्रसिद्ध मानस मंडली की प्रस्तुति होगी। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख होंगे, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष बालोद पुरुषोत्तम चंद्राकर करेंगे। वही विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जनपद सदस्य नेम बाई, चुम्मन साहू, ग्राम सरपंच दीपिका बीसे ठाकुर होंगे। यह जानकारी उपसरपंच खेलनदास साहू ने दिया।

### ग्राम मोहंदीपाठ में बसंत पंचमी महोत्सव 23 को

**बालोद/निकुम।** ग्राम मोहंदीपाठ में 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी महोत्सव परमेश्वरी प्रांगण में मनाई जाएगी। जिसमें सुबह कलश यात्र सुबह 10 बजे होगी। वही पूजा अर्चना कर सामुदायिक भूमि पूजन होगी, समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा व सामाजिक व प्रसादी बाटी जाएगी, यह जानकारी समाज के हेमंत देवांगन व वरिष्ठ भावसिंह देवांगन ने दिया।

### जिले के थानों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन कैंप 24 से

**बालोद।** पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने बताया कि क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर के द्वारा एसआईएस लिमिटेड की ओर से जिले के 10वीं पास अथवा फेल युवकों को रोजगार प्रदान करने रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रें में सुरक्षा गार्ड में स्थाई रोजगार दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन थाना गुण्डरदेही में 24 जनवरी एवं 01 अप्रैल, थाना अर्जुंदा में 25 जनवरी एवं 02 अप्रैल, थाना डौण्डीलोहारा में 27 जनवरी एवं 03 अप्रैल, थाना देवरी में 28 जनवरी एवं 04 अप्रैल, थाना मंगचुवा में 29 जनवरी एवं 05 अप्रैल, चौकी पिनकापार ▶▶ शेष पेज 12 पर

# धान खरीदी में अनियमितताओं के चलते बासीन सेवा सहकारी समिति पर उठे सवाल

## शासन के आदेशों का खुला उल्लंघन और मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

धान खरीदी कार्य में आ रही परेशानियों से घिरी समितियां अब बगावती मुद्रा में आ गई है। सरकारी आदेशो के खुला उल्लंघन के साथ अब समितियां मनमानी पर उतर आई है। जिससे धान की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ सरकार को नुकसान होने का खतरा बढ़ गया है। मामला विकासखण्ड के सेवा सहकारी समिति बासीन का है। यहां शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो का उल्लंघन की शिकायते लगातार सामने आ रही है। वही आदेश का पालन नही करने का कारण पूछने पर प्रबंधन द्वारा आदेश का मखौल उड़ाते हुए जवाब दिया जाता है। समिति में शासन के निर्देश के बाद विभिन्न किस्मो के धानो का अलग अलग स्टेक नही लगाया जा रहा है। समिति में ट्रैक्टर में भरे धान के बोरे में ही ग्रेडिंग करने जैसे चौकाने वाला कार्य यहां देखा गया। यहां धान मे गर्दा, पैरा, लाई, बदरा, बदरंग युक्त धान देखा गया है। सफाई के नाम पर धान के ढेर को उपर से बाहरी लगा दिया जाता है। समिति में निर्धारित मात्र से अधिक धान लिये जाने की शिकायत आम है। मामले में जब तौलक भागवत राम से पूछा गया तो उसने बताया कि 40.890 किलो तौला जा रहा है। समिति में तौल के दौरान देखा गया कि तौलते समय जमीन में गिरने वाले धान की मात्र अधिक था। आरोप है कि जानबुझकर अधिक धान जमीन मे गिराया जा रहा है। बताते हैं गिरे हुए धान को समिति बाद मे उठाकर साफ कराती है जिसका क्या किया जाता है यह चर्चा का विशय बना हुआ है।



### तौल में लोचा

समिति में नवीन व पुराने बोरे में अधिक तौल मे औसत प्रति क्विंटल लगभग आधा किलो अधिक तौलने का आरोप है। समिति मे 52 हजार क्विंटल धान खरीदी किया जाना है। उस हिसाब से पुरे खरीदी के दौरान 25 हजार किलो धान अधिक तौलने की आशंका है, जिसकी कीमत 7.50 लाख रूपये से अधिक की बैठती है। मामले में समिति प्राधिकृत अधिकारी जितेन्द्र सांहड़ा ने कहा धान सूखता है। अभी से प्रति बोरी में कमी आने लगी है, अधिक तौलने अधिकारियो ने ही कहा है। जितेन्द्र सांहड़ा ने कहा हम किसान को ज्यादा नही बोल सकते। धान तो ऐसे ही आ रहे है। समिति प्रबंधक उत्तम प्रधान ने शासन के निर्देशो का पालन नही करने के कारण पूछा गया तो उन्होने हंसी उड़ाते हुए कहा आदेश आते रहते है। धान की कई किस्मे है। कितना स्टेक लगाए।

## दिवस

### आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता

# अमर शहीद गैंदसिंह नायक ने आजादी की पहली लौ प्रज्ज्वलित की: मंत्री वर्मा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

केन्द्र व राज्य सरकार आदिवासियों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आदिवासी समाज को सहज, सरल, निश्चल, मेहनकश एवं स्वाभिमानी समाज है। जनजातीय समाज का विरासत एवं संस्कृति अत्यंत वैभवशाली है।

उक्त बातें प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने ग्राम नर्राटोला में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित शहीद गैंदसिंह नायक शहादत दिवस के अवसर पर कही। मंत्री वर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मंतूराम पवार ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पूर्व विधायक जनक ठाकुर एवं डोमेन्द्र भेड़िया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, हल्बा, हल्बी समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर राणा, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आरएस नायक, सेवा निवृत्त आईएएस बीएल ठाकुर एवं जीआर चुरेन्द्र, सेवा निवृत्त आईपीएस जेआर ठाकुर, डॉ. जितेन्द्र मीणा अतिथि के रुप मे उपस्थित थे।



मंत्री वर्मा ने आदिवासी समाज के गौरवशाली विरासत के अलावा शहीद गैंदसिंह नायक के अदम्य वीरता एवं पराक्रम के साथ उनके व्यक्तित्व के संबंध में भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमर शहीद गैंदसिंह नायक ने अंग्रेजी हुकुमत के दमन एवं क्रूरता का प्रतिकार करने हेतु आदिवासी समाज को संगठित कर सन् 1824 एवं 1825 में क्रांति का शंखनाद किया था। इस तरह से शहीद गैंदसिंह नायक के नेतृत्व में आदिवासी समाज के द्वारा 1857 के क्रांति के पूर्व मध्य भारत के सघन आरण्य छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम क्रांति के लौ को प्रज्ज्वलित की थी।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकुमत के द्वारा 20 जनवरी 1825 को शहीद गैंदसिंह नायक को सरेआम फासी दे दी गई थी। देश के आजादी के क्रांति का सर्वप्रथम बिगुल फुंकने का कार्य आदिवासी समाज के महापुरूषों एवं जननायकों द्वारा प्रारंभ किया गया था। वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ▶▶ शेष पेज 12 पर

# झलमला में चोरी के दो मामलों का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद

ग्राम झलमला में चोरी हुए दो प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के सोने चांदी के जेवरात, नगदी रकम 4,000 रू सहित घटना प्रयुक्त मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एलडब्लू 3989 एवं घटना में प्रयुक्त एक लोहे की हथौडी, जप्त किया है।

पहले मामले में शांतिनगर घोटिया चौक झलमला के राकेश कुमार ठाकुर पिता हरिराम ठाकुर 42 वर्ष के सूने मकान मे दिनदहाड़े कमरा अंदर आलमारी एवं दीवान पलंग मे रखे सोने चांदी के जेवरात 7,91,000 रूपये की संम्पति को अज्ञात चोर कर लिया था। पुलिस स्टॉफ व डॉग स्क्वॉड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट इसके घर पहुंचकर सर्च किया गया सर्च के पश्चात रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305, बीएनएस अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। दूसरे मामले में शांतिनगर घोटिया चौक झलमला थाना व जिला बालोद निवासी प्रार्थिया नम्रता देवी पति स्व.निर्भय लाल तारम 55 वर्ष के घर मे 19 जनवरी को दिनदहाड़े मकान के सामने की दिवाल को फांदकर सामने चैनल गेट एवं दरवाजा मे लगे ताला को तोड़कर कमरे के दरवाजा में लगे ताला को तोड़कर कमरा अंदर रखे लकड़ी की दराज से नकदी 4000 रूपये चोरी हुई थी। रिपोट पर थाना बालोद मे धारा 331(3),305 बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को पकड़ने हेतु निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा व साइबर सेल से एक विशेष टीम गठित किया गयाा। टीम द्वारा लगातार अज्ञात आरोपी का पता तलाश करने पर संदेही लक्ष्मण सिंग ठाकुर को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ करने पर 19 जनवरी को दोनो मकानों मे चोरी कर सामान को अपने किराये के घर डौण्डी लोहारा में ले जाकर रखना बताने पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर डौण्डी लोहारा आरोपी के किराये के मकान में ▶▶ शेष पेज 12 पर

## अवैध धान परिवहन रोकने के नाम पर उगाही

# ग्राम सेवक और मंडी कर्मचारी पर डरा धमकाकर हजारों रुपये वसूलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

- केशव साहू ने तहसीलदार को लिखित शिकायत की

शासन प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। वही कर्मचारियों को दिए गए अधिकार का दुरुपयोग कर किसान को डरा धमकाकर कर आर्थिक लेनदेन करने की शिकायत मिल रही है।

ग्राम साल्हे के किसान केशव साहू ने तहसीलदार दल्लीराजहरा को लिखित शिकायत कर राशि दिलाने की मांग व उचित कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम साल्हे के किसान केशव साहू ने लिखित शिकायत में बताया की वह अपना 120 कट्टा धान ट्रैक्टर में भरकर कृषि उपज मंडी बालोद ले जा रहा था की चिखलाकसा - सिंघनवाही मार्ग के साल्हे चौक के पास ग्राम सेवक और मंडी के कर्मचारी ने धान से भरी वाहन को रोकवाया और पूछताछ की उसने बताया की अपनी मेहनत से उगाई गई धान की फसल को बालोद मंडी ले जाने की जानकारी दी तो ग्राम सेवक द्वारा दबाव बनाया गया की तुम्हारा धान को गाड़ी सहित जप्ती कर थाना में खड़ी कराएंगे धान के साथ तुम्हारी गाड़ी भी अंदर होगा, गाड़ी व धान सड़ जाएगा, जिससे मैं डर गया ,फिर उनके द्वारा इस तरह की किसी भी कार्यवाही ना करने के एवज में पचास हजार रूपए की मांग की गई ,मेरे द्वारा हाथ पैर जोड़कर विनती करने पर पच्चीस हजार रूपए में किसी तरह की कार्यवाही ना करने की बात कही ,घर में रखे दस हजार रुपए मंगवाकर नगद दिया व पंद्रह हजार आन लाइन ग्राम सेवक द्वारा बताए गए खाते में राशि ट्रांसफर किया था,तब जाकर मेरी धान से भरी ट्रैक्टर को जाने दिया था ,ग्रामसेवक द्वारा की गई आर्थिक लेनदेन की कार्यवाही की जांच कर राशि वापस दिलाने व उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही ग्राम साल्हे के किसान मनसुख साहू ने भी तहसीलदार दल्लीराजहरा को पत्र लिखकर बताया की 12-01- 2026 को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति साल्हे में टोकन क्रमांक टी एफ 430/850/0134 में 100 क्विंटल धान बिक्री करने ले गया था ,धान ग्रेडिंग के समय उपस्थित कर्मचारी ने धान के ढेरी में धान छोटा - बड़ा ,मोटा - पतला मिलावट है करके शासन के निर्देशानुसार धान रिजेक्ट होने की जानकारी दी तो मैने कहा की मैं लाए गए धान को वापस घर ले जाऊंगा, तब उनके द्वारा धमकी दी गई की यहां से धान कही नही जाएगा, धान को जप्ती कर कार्यवाही किए जाने की बात कही।

मिन्नते करने पर उनके द्वारा धान बिक्री किए जाने के एवज में पचास हजार रुपए की मांग की गई, हाथ पांव जोड़ने के बाद चालीस हजार रुपए में सौदा तय हुआ तब खराब बताया गया। धान की समर्थन मूल्य में बिक्री किया गया ,उसके बाद 16-01जी 2026 को पुनः टोकन क्रमांक टी एफ 430/850/0136 में 24.80 क्विंटल धान बिक्री करने सोसायटी ले गया तो फिर वही धान खराब होने के कथन की पुनरावृति हुई तब दो हजार देने की बात पर सहमति बनी फिर उनके ▶▶ शेष पेज 12 पर

# देवारभाट में मनरेगा व पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को दिया राजमिस्त्री प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

जनपद पंचायत बालोद क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवारभाट में ग्रामीण स्व रो ज गा र प्रशिक्षण संस्थान आ र ए स टी बालोद द्वारा मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व हितग्राहियो की काउंसलिग कर उनकी अभिरूची के अनुसार चयन किया गया। 26 दिसम्बर से प्रारंभ हुए इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत उन्हें प्रधानमंत्री आवास निर्माण ▶▶ शेष पेज 12 पर



# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- अग्रवाल स्टेडियम में होगा भव्य आयोजन

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने 26 जनवरी को स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राष्ट्रीय पर्व के आयोजन के गरिमा के अनुरूप भव्य एवं गरिमामय ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर इस जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, अतिथियों, शहीद परिवारों ▶▶ शेष पेज 12 पर



## मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति

# गुरुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष किशोर साहू का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- समारोह में जिला और ब्लॉक स्तर के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरुर के नवनियुक्त अध्यक्ष किशोर साहू का स्वागत सम्मान समारोह मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष किशोर साहू का उपस्थित कांग्रेसजनों ने आत्मीय स्वागत किया। निवर्तमान अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने स्वागत भाषण देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष किशोर साहू को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में सभी के भरपूर सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष किशोर साहू ने अपने नियुक्ति के लिए पार्टी हाईकमान के भरोसे और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी कांग्रेसजनों से आगामी कार्यक्रमों के लिए सहयोग करने की अपील किया और कहा की ब्लॉक कांग्रेस के मुखिया बनना मेरे लिए गर्व और कर्म का विषय है, कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को संघर्ष और चुनौती से लड़ने की ताकत विरासत मे मिली है, अभी हम विपक्ष में है, लेकिन हमारे कार्यकर्ता पूरे हौसले के साथ जनविरोधी सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।



गुरुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राज्य मे एक मजबूत संगठन के लिए पहचानी जाती है, मैं विश्वास दिलाता हुं की सभी वरिष्ठ जनों के आशीर्वाद से सभी कार्यकर्ता के सहमति से जो सुझाव विचार आएगा, उसको अपना कर संगठन के मजबूती के लिए कार्य करूंगा, मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पंचायत स्तर पर जनसंपर्क कर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने की साजिश को आमजनता तक पहुंचाने आगामी दिनो मे कार्ययोजना बना गांव गांव पहुंचेंगे। इसी तरह से आप सबका साथ और आशीर्वाद मुझे मिलेगा ये विश्वास करता हुं, आप सबका आशीर्वाद ही मेरे लिए लिए सबसे बड़ी पूंजी होगी। अन्य वक्ताओं ने भी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को बधाई देते हुए मनरेगा बचाओ संग्राम में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपने विचार रखे। विधायक संगीता सिन्हा ने किशोर साहू को बधाई देते हुए संगठन मे सभी कार्यकर्ताओ का तालमेल बिठाकर संगठन के मजबूती के कार्य करने का आग्रह किया।

जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने सभी वरिष्ठ के मार्गदर्शन ले कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन मे कार्य कर कांग्रेस के रीती नीति को ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने लिया जायजा

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ चंद्रवंशी ने कार्यक्रम स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में पहुंचकर वहां चल रहे आयोजन के तैयारियों का अवलोकन किया। चंद्रवंशी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से आयोजन के तैयारियों के संबंध में आवश्यक जानकारियां भी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की जाने वाली झाँकियों का निर्माण, पुरस्कार वितरण, परेड व्यवस्था, साउंड सर्विस सिस्टम, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

### पंचगव्य चिकित्सा व पर्यावरण संतुलन के लिए गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित

**भिलाई।** शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में गौ विज्ञान परीक्षा का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन एवं गंभीरता के साथ सहभागिता की। गौ विज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति की मूल भावना, गौ माता के धार्मिक, वैज्ञानिक एवं आर्थिक महत्व, गौ संरक्षण, जैविक कृषि, पंचगव्य चिकित्सा तथा पर्यावरण संतुलन में गौ आधारित योगदान से अवगत कराना रहा। परीक्षा का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय द्वारा बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था, निगरानी एवं समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा गया। शिक्षकों ने पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ परीक्षा संचालन में सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य बिपिन देशमुख ने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों,संस्कारों एवं वैज्ञानिक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### लंगूरवीर मंदिर में शिवजी का महाभिषेक कल

**दुर्ग।** भगवान लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार दुर्ग में शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 22 जनवरी को शिवजी का महाभिषेक व हवन-पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया है। शिवजी का महाभिषेक प्रातः 9 बजे से शुरु होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के सचिव रविशंकर ढीमर ने श्रद्धालुओं से शिवजी के महाभिषेक व भंडारा में शामिल होने की अपील की है।

### धान खरीदी अंतिम चरण में, समितियों में परिवहन की कमी से धान जाम

# धान खरीदी के अंतिम चरण में आदेशों की अनदेखी किस्म के आधार पर स्टेक लगाने के आदेश का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

धान खरीदी अपने अंतिम चरण में है, जिले के समितियो में परिवहन के अभाव में लिमिट से अधिक धान जाम है, लेकिन जिले के विभिन्न समितियो में भ्रमण के दौरान देखा गया कि समितियां कई आदेशो का पालन नही कर मनमानी कर रही है।

- किस्म के बजाय मोटा-पतला आधार पर ही लगाए जा रहे स्टेक

मामला जिले में धान की किस्म के आधार पर स्टेक लगाने के आदेश का पालन नही करने का है। जिले के गुरूर, बालोद, गुण्डरदेही विकासखण्ड में समितियों में भ्रमण के दौरान एक ही स्थिति दिखी। बहुसंख्यक समिति मे धान की किस्म के आधार पर अलग स्टेक नही लगाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारियो के प्रातः 8 बजे समिति में पहुंचने जैसे कई अन्य आदेश है। जिसका समिति में पालन होता नही दिख रहा है। ताजा मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के सेवा सहकारी समिति कोड़ेवा का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां 51 हजार क्विंटल से अधिक धान खरीदी लक्ष्य है, अब तक 46 हजार क्विंटल से अधिक की खरीदी की जा चुकी है। जिसमे 15 हजार क्विंटल से अधिक का परिवहन हो चुका है, जिसमे मोटा, पतला व सरोना सम्मिलित है।




समिति में अब तक मोटा, पतला के हिसाब से ही स्टेक लगाया जा रहा है। जबकि प्रशासन का स्पष्ट निर्देश था कि धान की किस्मो के आधार पर स्टेक लगाया जाए। कोड़ेवा समिति प्रबंधक ने चर्चा में दावा किया कि किस्म के आधार पर 2 स्टेक लगा है, जब स्टेक दिखाने कहा गया तो वे नही दिखा सके। यह स्थिति अकेले कोड़ेवा समिति की ही नही है, इसके पूर्व गुरूर विकासखण्ड के बासीन, सोरर, बालोद विकासखण्ड के करहीभदर, सांकरा क, बरही समिति में भी भ्रमण के दौरान समिति प्रबंधको ने स्वीकार किया था कि किस्मो के आधार पर स्टेक नही लगा रहे है। कोड़ेवा समिति प्रबंधक दिलीप कुमार साहू ने कहा किस्मो के आधार पर स्टेक नही लगा रहे है। वर्शो से मिक्स स्टेक ही लगाते रहे है। ऐसा ही मिक्स स्टेक इस साल भी लगा रहे है।

## नशे के खिलाफ प्रशासन सख्तः कलेक्टर ने दिए अवैध बिक्री और तस्करी रोकने के निर्देश



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

बैठक में उन्होंने जिले में मादप पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने विभागवार जिले में मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नशामुक्ति हेतु मेडिकल सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए जिला अस्पताल में विशेष कक्ष भी क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा जिले के रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर मनः प्रभावी पदार्थों के बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से जाँच किया जा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले के स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के अलावा अन्य चिन्हित स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर नशापान से दूर रहने की समझाईश दी जा रही है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति केन्द्र का संचालन करने के अलावा जिला स्तरीय कार्यक्रमों नशामुक्त भारत बनाने शपथ भी दिलाई जा रही है।

## नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर गुण्डरदेही में कार्यकर्ताओं में उत्साह



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुण्डरदेही भाजपा कार्यालय से विशाल रैली निकाली और धमतरी चौक पर पटाखे फोड़कर हर्ष व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयां मिलने का विश्वास जताया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नितिन नवीन का अनुभव और छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में भाजपा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय, महामंत्री शैल महोबिया, विनोद चंद्राकर, छगन सोनकर, केशव साहू, संतोष नेताम, सेवक महिपाल, कोमल सोनकर, पूजा बिंझेकर, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू, लालवीर राजपूत, नमन जैन, गगन जैन, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



## छग योग आयोग अध्यक्ष रूपनरायण सिन्हा का कुसुमकसा में भव्य स्वागत किया

**कुसुमकसा।** छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनरायण सिन्हा (राज्य मंत्री) का कुसुमकसा आगमन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने भाजपा गमछा पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होने के पश्चात रूपनारायण सिन्हा का प्रथम आगमन कुसुमकसा मंडल में हुआ। जिसमें कुसुमकसा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ भूपेंद्र मिश्रा ने गमछा पहनकर अभिवादन किया साथ ही साथ भाजपा के पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष भरत पटेल, कुसुम कस मंडल के महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, पोषण भुआर्य उपाध्यक्ष भाजपा मंडल, लता पैथोड, मंडल के मंत्री मंजू चकधारी, संगीता साहू गजेंद्र सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव प्रशाद सिन्हा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सद्गुरु श्री कबीर घाट पदाधिकारियों ने कलेक्टर से भेंट कर आमंत्रण पत्र दिया

**बालोद।** सद्गुरु श्री कबीर घाट धर्मानुरागी समिति मोहलई जिला बालोद के पदाधिकारीयों ने कलेक्टर से मुलाकात कर त्रिदिवसीय संत समागम एवं विशाल भोजन भंडारा व सात्विक यज्ञ चौका आरती में आने के लिए आमंत्रण पत्र भेंट किया।

## माहेश्वरी महिला संगठन बालोद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और सचिवों का चुनाव हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

माहेश्वरी समाज का चुनाव में सामाजिक रुप से गठित राजनांदगांव जिला एवं नगर के लिए नवीन पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। रीता टावरी जिला माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष एवं प्रेमा काबरा बालोद माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष चुनी गई। स्थानीय माहेश्वरी भवन बालोद में सत्र 2026 से 2029 हेतु राजनांदगांव जिला माहेश्वरी महिला संगठन तथा स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल बालोद के अध्यक्ष एवं सचिव पद का चयन विधिवत संपन्न हुआ। चयन प्रक्रिया पूर्ण कर पदाधिकारी के नाम की घोषणा की गई। जिला माहेश्वरी महिला संगठन के लिए रीता टावरी को अध्यक्ष एवं ज्योति राठी को सचिव चुना गया। स्थानीय बालोद माहेश्वरी महिला मंडल बालोद का अध्यक्ष प्रेमा काबरा एवं सचिव किरण काबरा का चयन किया गया।




इस अवसर पर कार्यक्रम मे प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी, प्रदेश सचिव रूपा मूंदड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता टुवानी, जिला अध्यक्ष विनीता डागा एवं जिला सचिव प्रीति चितलांगिया उपस्थित थी। पर्यवेक्षक के रूप में रूपा मूंदड़ा एवं चुनाव अधिकारी संगीता टुवानी ने शांतिपूर्ण ढंग से चयन प्रक्रिया संपन्न कराई। चुनाव उपरांत कार्यक्रम मे प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित जिला एवं स्थानीय अध्यक्ष एवं सचिव को ताज पहना कर सम्मानित किया। वर्तमान अध्यक्ष संगीता टावरी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। चुनाव पुर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, महेश वंदना से हुआ। साथ ही हल्दी कुमकुम कार्यक्रम तथा मनोरंजक खेलों के साथ सभी सदस्यों ने अपनी सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए संदेश दिया।

इस दौरान माहेश्वरी महिला मंडल की सभी पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रही। सभी ने उत्साह पूर्वक करतल ध्वनि से नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का स्वागत किया। महिला मंडल सचिव ज्योति राठी ने आभार व्यक्त किया।

## महिला नेतृत्व में बदला जगन्नाथपुर का माहौल, अर्थदंड नियम से अवैध शराब और हुल्लड़ पर लगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

ग्राम जगन्नाथपुर में लागू किए गए अर्थदंड के नियम का असर अब साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। अवैध शराब बिक्री और शराब पीकर हुल्लड़ मचाने वालों पर सख्ती के बाद गांव का माहौल तेजी से बदल रहा है। यह सख्त और प्रभावी फैसला ग्राम विकास समिति ने लिया है, जिसकी कमान पूरी तरह महिलाओं के हाथों में है।

महिलाओं की सतत निगरानी और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते अब गांव में शांति, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का वातावरण बन गया है गौरतलब है कि ग्राम विकास समिति की अध्यक्ष सहित सभी पदों पर महिलाएं हैं। इन्हीं महिलाओं ने यह नियम बनाया कि गांव में अवैध शराब बेचने या नशे की हालत में उपद्रव करने वालों से अर्थदंड वसूला जाएगा। इस नियम के लागू होते ही खुलेआम नशाखोरी करने वालों में खौफ देखने को मिल





रहा है। नतीजतन, मानस गान, मेला और कबड्डी जैसे सांस्कृतिक व खेल आयोजनों का आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ आयोजनों के दौरान ग्राम विकास समिति की महिलाओं ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी। हर गतिविधि पर निगरानी के कारण किसी भी तरह की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। यह पहल इस बात का मजबूत प्रमाण है कि जब महिलाएं संगठित होकर नेतृत्व संभालती हैं, तो गांव और समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित रूप से आता है मेले के दिन महिलाओं द्वारा एक और सराहनीय पहल की गई।

## पंथी प्रतियोगिता में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित

### अंडा में आयोजित एक दिवसीय भव्य पंथी प्रतियोगिता में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंडा में आयोजित अंडा परिक्षेत्र सतनामी समाज सम्मेलन पंथी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल होकर बाबा घासीदास जी एवं सतनाम पंथ के पवित्र प्रतीक जैतखाम की पूजा-अर्चना कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

बाबा घासीदास जी के संदेशों का अनुसरण करते हुए हम सभी को मानवता की सेवा करनी चाहिए, समारोह को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश "मनखे-मनखे एक समान" सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। उन्होंने कहा कि जिस दौर में समाज छुआछूत, भेदभाव और रूढ़ियों से जकड़ा हुआ था, उस समय बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का निर्भीक संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ साय सरकार संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों से



प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर सरपंच दिग्विजय सिन्हा उपसरपंच यशवंत बंजारे, पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख पूर्व जनपद सदस्य विक्की मिश्रा, जुगल प्रसाद जोशी दिनेश जोशी विक्की जोशी रोशन जोशी राजेन्द्र टंडन डॉ चेकल यशवंत जोशी विजय बघेल युगलप्रसाद जोशी ज्ञानेंद्र जोशी विजय जोशी राधे लाल टंडन जितेन्द्र जोशी देवब्रत मारकंडे शंकर बांधे, पप्पू सहित समाज गंगा के लोग उपस्थित रहे ।

## पेज 11 के शेष

### अमर शहीद गैंदसिंह नायक ...

वाले केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जनजातीय समाज के हितो की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा बस्तर के सुदुर अंचलों में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था के अलावा सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, शुद्ध पेयजल आदि बुनियादी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'हम न केवल आदिवासियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगे वरन उनके गौरवशाली विरासत एवं संस्कृति को भी वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य करेंगे।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सन् 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी उसी तर्ज पर 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार ने हल्बा, हल्बी समाज के महत्ता एवं विरासत के अलावा कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र मीणा एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कोसले ने केन्द्र व राज्य सरकार से संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर आदिवासी समाज का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करने की मांग की। स्वागत भाषण महासचिव श्याम सिंह तारम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सामाजिक जनों को आंगादेव एवं आदिवासी एवं हल्बा समाज के अन्य आराध्य देवी-देवताओं का जीवंत साक्षात्कार भी कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने डॉ. कृष्णकांत राणा द्वारा रचित पुस्तक कैंकर चो गौरव (कांकेर के गौरव) पुस्तक का विमोचन किया।

### झलमला में चोरी के ...

पहुंचे। जहां आरोपी की निशानदेही पर उसके मकान के अंदर से चोरी गई सोने चांदी की जेवरात एवं नगदी 4000 रू, घटना करने गये मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलडब्लू 3989 एवं घटना में प्रयुक्त एक लोहे की हथौडी को उसके द्वारा पेश करने पर गवाहों के समक्ष जप्त कर चोरी गई कुल 8,52,450 रू मुल्य के सामानों को जप्त किया गया, मामले मे आरोपी खैरतराई बीचपारा थाना व जिला बालोद निवासी लक्ष्मण सिंग ठाकुर पिता गंगुराम ठाकुर 30 वर्ष गिरफ्तार कर 21 जनवरी के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह ...

गणमान्य जनों एवं मीडिया कर्मियों के लिए आमंत्रण पत्र वितरण की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा, पेयजल एवं परेड सलामी सहित आयोजन से जुड़े सभी व्यवस्थाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजनों की समीक्षा करते हुए आयोजन के दौरान देश भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सम्मानित करने के निर्देश दिए।

### देवारभाट में मनरेगा व ...

को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप करने मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 05 महिलाएं एवं 15 पुरुष शामिल है।

जिसमें 05 महिला हितग्राही राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है जो कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रशिक्षण अवधी के दौरान प्रशिक्षनार्थियों को मनरेगा अंतर्गत प्रतिदिवस 261 रूपये की दर से मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। डी.एस.टी ट्रेनर ललीता नाग के द्वारा आवास निर्माण में प्रयुक्त सामाग्री के उचित अनुपात, निर्माण कार्य की समय-सीमा, संरचनात्मक मजबूती आवश्यक सावधानियों व तकनीकि पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीणो को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

### ग्राम सेवक और मंडी कर्मचारी ....

द्वारा मेरे घर आकर दो हजार रूपए नगद ले गए ,जो सी सी टी वी कैमरा में नगद राशि दिख रहा है ,किसान मनसुख ने उचित कार्यवाही करने की मांग की है। शासन प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि के दौरान धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से धान कोचियो और अवैध धान परिवहन में कार्यवाही की जा रही है किंतु अवैध धान परिवहन व ग्रेडिंग में धान की क्वालिटी खराब बताकर आर्थिक लेनदेन की शिकायत मिलना भी गंभीर है। देवेंद्र नेताम तहसीलदार डोंडी ने हरिभूमि को बताया की साल्हे के किसान की शिकायत पर जांच कर पंचनामा बनाकर कलेक्टर बालोद को प्रतिवेदन भेज दिया गया है।

### गुरुर ब्लॉक कांग्रेस ...

आम जन तक पहुंचाने की बात कही। आभार प्रदर्शन जीतेन्द्र यादव ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, केशरी चंद्राकर, महामंत्री शादिक अली, महामंत्री सुमीत राजपूत, भूपत साहू, संजय चौधरी, चोवा राम साहू, भगवान दास मुलचूरिया, जितेंद्र यादव, दिनाराम चेलक, केदार देवांगन, पाल सिंह भुआर्य, धनुष साहू, गोलू साहू, यशवंत पूरी गोस्वामी, कमलेश श्रीवास्तव, अंचल साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोनु ठाकुर, रूप साहू, अंकुश दिवान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजश्री छत्रिय, लता सोनबेर, महिमा साहू, जनपद सदस्य कौशिल्या चंद्रवशी, कुलेश्वरी गावड़े, तुलेश सिन्हा, हिमांशु लावत्रे, सरपंच गण, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले के थानों में सुरक्षा गार्ड ...

में 30 जनवरी एवं 06 अप्रैल, थाना सुरेगांव में 31 जनवरी एवं 07 अप्रैल, थाना पुरूर में 01 फरवरी एवं 08 अप्रैल, थाना गुरूर में 02 फरवरी एवं 09 अप्रैल, थाना रनचिरई में 03 फरवरी एवं 10 अप्रैल एवं थाना बालोद में 04 फरवरी एवं 11 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आवेदकों को भर्ती से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप



### बागतराई में नवीन मुक्तिधाम शेड का भूमिपूज हुआ

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम बागतराई में नवीन मुक्तिधाम शेड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। सुनीता संजय साहू ने कहा मुक्तिधाम शेड निर्माण होने से यहां आने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। हमारा प्रयास है कि सभी ग्रामों मे मूलभूत सुविधा हो, हमारी सरकार ग्रामीणों की छोटी छोटी समस्याओं को दुर कर आम जनता जीवन आसान बने। इस दौरान विशेष अतिथि जनपद सदस्य गुरूर प्रमिला रामस्वरूप साहू, सभापति जनपद सदस्य गुरूर हेमन्त कुमार साहू, महामंत्री भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर यदीप साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बागतराई अनिता भुनेश्वर साहू, उपसरपंच सियाराम साहू, पंच जागेश्वरी सार्वा, रुखमणी गंगबेर, बूथ अध्यक्ष भानूप्रताप हिरवानी, पोखन लाल साहू, पूर्व सरपंच चिंता राम साहू, घनश्याम साहू, रामचन्द्र साहू, घनश्याम सोनवानी, फालू राम, दिनेश कुमार सोनवानी, पंच सोमनाथ साहू, सतीश कुमार साहू, खम्हन धालेंन, शिवनारायण खंडाधर सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर संजारी में वार्षिक उत्सव कल

**डौंडीलोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर संजारी में विद्यालय का वार्षिक उत्सव आगामी 23 जनवरी को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरीश कटझरे, कोषाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी बालोद उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत संजारी की सरपंच स्नेहा ठाकुर द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ेगी। वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। बच्चे देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास प्रदर्शित होगा। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि यह वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसमें शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। विद्यालय परिवार ने क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों से इस वार्षिक उत्सव में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## आयोजन : पुलिस अधीक्षक ने किया स्वयं रक्तदान

# बालोद में सड़क सुरक्षा माह के दौरान एक दिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पुलिस व आमजनों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग
- हेलमेट, सीट बेल्ट व संयमित गति की समझाइश

सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान एक दिवसीय रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने के उददेश्य से पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा रक्त दान किया गया, उन्होने अन्य लोगों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जा रहे है।



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जनवरी को जिला चिकित्सालय बालोद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता करने के उद्देश्य से बालोद पुलिस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर मे पुलिस अधीक्षक बालोद द्वारा स्वंय रक्तदान किया गया एवं लोगों से रक्तदान करने हेतु अपील की गई। साथ ही गोल्डन ऑवर में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों, पीड़ितों को नजदीकी स्वास्थय केन्द्र पहुंचाकर लोगों की हरसंभव मदद करने की अपील किया गया, इा दौरान पुलिस कर्मीयों एवं आमजनों के द्वारा रक्तदान किया गया। बालोद पुलिस ने कहा बालोद पुलिस सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर है, इस प्रकार की जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम जनों में यातायात नियमों का पालन करने हमेशा हेलमेट, सीट बेल्ट पहन कर वाहन चलाने एवं संयमित गति से वाहन चलाने, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर, डिपर का प्रयोग करे, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, इस हेतु जागरूक करने का प्रयास किया किया जा रहा है।

## अपना घर वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता हुआ शिविर





**बालोद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर वृद्धजनों को उनके अधिकारों तथा अन्य कानूनी जानकारी दी गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश बालोद श्यामलाल नवरत्न एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के निर्देशन में मंगलवार 20 जनवरी को प्रथम जिला न्यायाधीश किरण कुमार जांगडे, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ताजुद्दीन आसिफ, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप के द्वारा वृद्धाश्रम बालोद (अपना घर) में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर वहाँ निवासरत वृद्धजनों को उनके अधिकारों के संबंध में तथा अन्य कानूनी जानकारी प्रदान किया गया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के पैरालीगल वालिटियर्स उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पंच उमेंदी राम भुआर्य के निधन पर ग्राम पंचायत बैहाकुआं में शोकसभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम पंचायत बैहाकुआं के वरिष्ठ एवं वर्तमान पंच उमेंदी राम भुआर्य उम्र 66 वर्ष का दिनांक 10 जनवरी 2026 को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से ग्राम पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व भुआर्य जी की स्मृति में मंगलवार को ग्राम पंचायत बैहाकुआँ में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच किशोर साहू, उपसरपंच मोरध्वज पटेल, सचिव महेंद्र यादव, संकुल समन्वयक भरदा अशोक टंडन, प्रधानपाठक रोमन लारेन्द्र, शिक्षिका बुधन्तीन पटेल एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा के उपरांत ग्राम पंचायत की ओर से स्व उमेंदी राम भुआर्य के परिजनों को एक प्रतीक चिन्ह भेंट कर संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं ग्राम सेवा में योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षा पे चर्चा एवं संस्कार प्रधान शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के मार्गदर्शन में दुर्ग विभाग के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा और संस्कार प्रधान शिक्षा पर कार्यशाला आयोजन योजना बद्ध जारी है।

इसी तारतम्य में मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर एवं बटरेल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें जामगांव आर में भिलाई से आए अतुल नागले कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे, बटरेल में सेक्टर 4 विद्यालय व्यवस्थापक हेमंत नायडू मुख्य वक्ता थे। परीक्षा पे चर्चा, संस्कारवान विद्याथऍ का होनहार भविष्य, समर्पण का महत्व और विद्यारंभ संस्कार पर मार्गदर्शन विद्यालयों को मिला।वक्ताओं ने पालक संपर्क की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यशाला में समिति





कोषाध्यक्ष बसंत राव शिन्दे विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यशाला में परीक्षा पे चर्चा और संस्कारवान विद्याथऍ का जिक्र करते हुए भिलाई से आए संस्कार मर्मज्ञ अतुल नागले ने कहा कि संस्कारित विद्याथऍ होनहार भविष्य के लिए सजग रहते है, इनसे माता पिता गुरु भी गौरांवित होते है कक्षा में विषयों का जब अध्यापन चलता है, उस समय संस्कारवान विद्याथऍ एकाग्रचित होकर समझने का प्रयास करते है जिससे कक्षा का वातावरण स्वमेव सकारात्मक हो जाता है। इन विधार्थियो की होनहार भविष्य झलकती है। पढ़ाई में रुचि नहीं लेने वाले कक्षा के वातावरण को नकारात्मक करते रहते है जिससे वे स्वयं के साथ औरों का भी नुकसान करने में गुरेज नहीं करते यह विडंबना है। हरकत करने वाले इन बच्चों से माता पिता भी त्रस्त रहते है। परीक्षा की तैयारी विद्यालय प्रारंभ होती है तब से करना चाहिए केवल परीक्षा के समय आनन फानन में तैयारी करना अच्छा परिणाम दायक नहीं होती। डेली की पढ़ाई लिखाई डेली कर लो परिक्षा में अच्छा परिणाम तय मानिए।

बटरेल में मुख्य वक्ता हेमंत नायडू ने कहा कि कर्मठता और इमानदारी के साथ किए जाने वाला कार्य सफलता का पैगाम लाती है। विद्याथऍ एकाग्रचित होकर पढ़े परिणाम अच्छा आयेगा। शिक्षक सकारात्मक सोच के साथ काम करे विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में अच्छी मदद मिल पाएगी। सरस्वती शिशु मंदिर की संस्कारित शिक्षा से जुड़े शिक्षक समिति के सदस्य और विद्याथऍ का आचार व्यवहार में सकारात्मक विचारों से ओतप्रोत होना चाहिए।स्वमेव अच्छा परिणाम प्रगट होगा। सफलता के लिए समर्पण का बहुत ज्यादा महत्व है

जामगांव आर में प्राचार्य पूरन लाल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, वरिष्ठ आचार्य हथेश्वर साहू, परमानंद टंडन, प्रीति साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, सुनीता सेन, शशि यादव, दीपिका साहू, कविता साव, डामिन साहू बटरेल में प्राचार्य अनिल साहू प्रधानाचार्य द्वारिका साहू, संतोष यदु सहित स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने कार्यशाला में भाग लिया।

## गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों ने दी उत्साहपूर्ण भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के तत्वावधान में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वनांचल क्षेत्र होने के बावजूद प्रभारी शिक्षक घनश्याम पटेल व्याख्याता के कुशल निर्देशन में कुल 56 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

परीक्षा परिणाम में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय की कुमारी लखीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा 11वीं की मीनाक्षी कोसरिया तथा तृतीय स्थान कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की डिलेश्वरी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. बी. एल. साहसी व्याख्याता ने कहा कि गाय से संबंधित सभी तत्व मानव जीवन के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। चाहे स्थान की शुद्धता हो, गौरी-गणेश के रूप में पूजन हो या पर्यावरण संरक्षण गौ विज्ञान का प्रत्येक पहलू समाज के लिए उपयोगी है। सी.जी. पटेल व्याख्याता ने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं से विद्यार्थियों को गौ, शिक्षा और विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है, अतः ऐसे आयोजनों को प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य अजय मुखर्जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौ विज्ञान का संबंध ग्लोबल वार्मिंग जैसे वैश्विक विषयों से भी है। गौ विज्ञान किस प्रकार पर्यावरण संतुलन में सहायक है और मानव जीवन को इससे क्या लाभ मिलता है, इस पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला तथा सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, डॉ. साहसी व्याख्याता, ललित देवहारी व खगेश ठाकुर क्लर्क, त्रिजला ठाकुर, मुक्ति, कुशल देवदास सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रभारी शिक्षक घनश्याम पटेल ने सभी अतिथियों व स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी ने अपना बहुमूल्य समय देकर परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग किया, जिसके लिए वे सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

## मटिया में रामधुनी और रेंगाकठेरा में मानस गान की रही धूम

### ग्रामीण अंचलों में भक्ति और संस्कृति की बयार, रामधुनी व मानस गान से गूंजे गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने बढ़ाया ग्रामीणों का उत्साह

जिले के ग्रामीण अंचलों में लगातार भक्ति और संस्कृति की बयार बह रही है। जहां बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अतिथि के रुप मे सम्मिलित होकर ग्रामीणों का उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन कर रही है।



तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने ग्राम मटिया (ह) और ग्राम रेंगाकठेरा में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। ग्राम मटिया (ह) में आयोजित भव्य रामधुनी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। प्रतियोगिता में दूर-दराज से आई मंडलियों ने भगवान राम के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पूरा गांव भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि रामधुनी भगवान राम के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। भगवान राम का चरित्र हमें मर्यादा और सेवा का मार्ग दिखाता है। इसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष ग्राम रेंगाकठेरा में आयोजित मानस गान प्रतियोगिता के समापन समारोह में सम्मिलित हुईं। यहां मानस मंडलियों द्वारा रामायण की चौपाइयों की संगीतमय व्याख्या की गई। चंद्राकर ने विजेता मंडलियों को पुरस्कृत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि रामायण एक ग्रंथ मात्र नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। गाँव में ऐसे आयोजनों से न केवल आपसी भाईचारा बढ़ता है बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। चंद्राकर ने दोनों ही गाँवों में आयोजन समितियों के प्रयासों की सराहना की और अपनी ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान ग्राम मटिया(ह) में सरपंच दशमत महेन्द्र रात्रे, ग्रामीण अध्यक्ष पुनीत राम साहू, डॉ राजेन्द्र सार्वा, कृपा राम साहू, पंच रामखिलवान साहू, जीवराखन गिर गोस्वामी, अनिल डहरे, परमानन्द देवांगन, अध्यक्ष आयोजक समिति महेश्वर यादव, कौशल सार्वा तथा ग्राम रेंगाकठेरा में सरपंच रोमेश कुमार यादव, भूतपूर्व जनपद सदस्यदिलेश्वरी मोहन निषाद, बुथ अध्यक्ष राजेन्द्र कुम्भकार, अध्यक्ष आयोजक समिति फत्तेलाल सेन, ओमप्रकाश धनकर, त्रिभुवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

# गुण्डरदेही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न नवनियुक्त अध्यक्ष कचरु साहू का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही की बैठक मंगलवार को साहू सदन गुण्डरदेही में रखी गई। जिसमें नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कचरु साहू का उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। निवर्तमान अध्यक्ष भोजराज साहू ने नवनियुक्त अध्यक्ष कचरु साहू को नई जिम्मेदारी के लिए हर्ष व्यक्त किया तथा अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में सभी के भरपूर सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के नवनियुक्त अध्यक्ष कचरु साहू ने सभी कांग्रेसजनों से आगामी कार्यक्रमों के लिए सहयोग करने का अपील किया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत पंचायत स्तर पर जनसंपर्क कर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा को खत्म करने की साजिश को आम जनता तक पहुंचाने एवं 30 जनवरी को ग्राम सिकोसा में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन करने की बात कही। उन्होने एसआईआर. को गंभीरता से लेते हुए सभी बूथ में कार्य करने का भी निवेदन किया। अन्य वक्ताओं ने भी नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को मनरेगा बचाओ संग्राम में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपने विचार रखे, आभार प्रदर्शन महामंत्री तामेश्वर देशमुख ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत बालोद के पूर्व अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजय साहू, नुरुल्ला खान, अश्वनी सोनकर, मंडल अध्यक्ष सलीम खान, मानसिंह देशलहरा, तरुण साहू, रूपचंद जैन, जनपद सदस्य रीना देशमुख, विधायक प्रतिनिधि तरुण पारकर, पार्षद फैज बख्स, सेक्टर प्रभारी अभिषेक यादव, पवन सिन्हा, लिखन निषाद, नीलकंठ टंडन, तुलसी साहू, बलराम अंगारे, दिनेश साहू, निजानंद चंद्राकर सहित बूथ अध्यक्ष एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### 10 लाख के टीना शेड निर्माण कार्य का जप अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**गुरूर।** जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू, ने अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम आनंदपुर में 10 लाख के टीना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू भूमिपूजन कार्यक्रम मे मुख्य आतिथ्य के रुप मे सम्मिलित हुई। सुनीता संजय साहू ने कहा टीना शेड निर्माण होने से ग्रामीणों को सार्वजनिक कार्यक्रमों व निजी कार्यक्रमों मे भी सुविधा होगी। ग्रामीणों को आर्थिक बचत होगी, छोटे छोटे कार्यक्रमों के लिए पंडाल नही लगाना पड़ेगा इससे ग्रामीण कम बजट मे भी कार्यक्रम कर सकेंगे। इससे वि"ाश रुप से युवाओं की सक्रियता बढ़ेगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष गुरूर सुनीता संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष ढालेन्द्र साहू, हेमन्त साहू, धनाजी ठाकुर, खिलावन साहू, बेनू साहू, सरपंच तेज राम साहू, उपसरपंच मुकेश साहू सहित पंच गण व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### चाराचार स्कूल में कल मनेगा वार्षिक उत्सव

**लाटाबोड़।** पौधारोपण एवं वार्षिक उत्सव शासकीय प्राथमिक शाला चाराचार में विद्यालय परिवार द्वारा 23 जनवरी शुक्रवार मनाया जाएगा। कार्यक्रम 11 बजे से प्रारम्भ होगा उक्त जानकारी संतोष राजपूत ने दी।

### अंतरराष्ट्रीय इंग्लिश कॉन्फ्रेंस में बालोद के अरुण की सहभागिता रही



**बालोद।** अंग्रेजी विषय विशेषज्ञ अरुण कुमार साहू सोनीपत हरियाणा में संपन्न हुए इंग्लिश भाषा के इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। ऑल इंडिया नेटवर्क ऑफ इंग्लिश टीचर्स एआईएनईटी के बैनर तले इंग्लिश लेंग्वेज एजुकेशन टुडे एजुकेट, एमपावर, एम्प्लॉय, इनोवेटिव थीम पर आधारित इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी दी। भारत सहित नेपाल, भूटान, मलेशिया, ब्रिटिश काउंसिल, रेलो अमेरिकन एंबेसी जैसे देशों के प्रतिभागियों ने भी इस कॉन्फ्रेंस में अपनी महती भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ बालोद की ओर से अरुण कुमार साहू ने यूजिंग न्यूज पेपर टू डेवलपल एंड क्रिटिकल रीडिंग एंड स्पीकिंग स्किल विषय पर अपना सारगर्भित शोध पत्र प्रस्तुत किए। अपने शोध पत्र के माध्यम से अरुण कुमार साहू ने बताया कि कक्षागत शिक्षण में शिक्षकों की भूमिका अहम होती है। विद्यार्थियों की परेशानियों एवं समस्याओं को विभिन्न मैथड्स, तकनीक एवं एप्रोच के माध्यम से सरलीकृत किया जा सकता है। अमूमन शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों को अपनी बात और कुशलता रखने का भरपूर अवसर दें। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक कक्षा में टीचर टॉक टाइम घटाकर स्टूडेंट्स टॉक टाइम को बढ़ाएं। कॉन्फ्रेंस में उनके द्वार एनईपी 2020, पेडागोजी, प्रोफेशनल डेवलपमेंट आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पांडेपारा बालोद में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरुआत







**बालोद।** पांडेपारा बालोद में नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे पांडे पारा बालोद वासी पूरी श्रद्धा से सम्मिलित हुए। इस दौरान कलश यात्रा पांडे पारा से प्रारंभ होकर नयापारा होते हुए सांखला गली होते हुए कथा स्थल तक पहुंची। जिसमें कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा के द्वारा आरम्भ दिवस मे श्रीमद भागवत का महात्म, गौकर्ण कथा के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया। श्रीमद भागवत का द्वितीय दिवस कथा वाचिका देवी गीतांजलि शर्मा नेव्यास जन्म, अमर कथा, सुकदेव जन्म, महाभारत प्रसंग, वराह अवतार की कथा बताई गई। जिसमें बताया गया की किस प्रकार हीराण्याक्छ के अत्याचार का अंत करने के लिए ब्रम्ह देव के छींकने पर नाक से भगवान विष्णु जी का वराह अवतार हुआ और भगवान वराह अवतार लेकर किस प्रकार भगवान विष्णु जी ने सृष्टि की रक्षा के लिए हीरान्याक्ष का संहार किए। कथा श्रवण के लिए बालोद के श्रद्धालुओ की बड़ी संख्या मे भीड़ उमड़ पड़ी और संध्या आरती के साथ ही कथा का विश्राम हुआ। इस भगवत कथा में रामप्रसाद यादव और पुष्पा यादव परीक्षित है, कार्यक्रम का संचालन एसएन दुबे कर रहे है। कथा का समापन 27 जनवरी को होगा।

### आयोजन : सम्मेलन में मातृशक्ति और युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

# नगर में भव्य हिंदू सम्मेलन हुआ सामाजिक एकता व सांस्कृतिक चेतना का किया सशक्त आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





हिंदू समाज की संगठनात्मक मजबूती, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर बालोद में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। नगर के हृदय स्थल जयस्तम्भ चौक पर आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग की गरिमामय उपस्थिति रही।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रांत सेवा प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तुलसीदास ने हिंदू संस्कृति, परंपराओं, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में हिंदू समाज की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पंच परिवर्तन के पाँच सूत्र– सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का आग्रह एवं नागरिक कर्तव्य को रेखांकित करते हुए कहा कि इन्हीं मूल्यों के माध्यम से व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र का सशक्त निर्माण संभव है। उन्होंने समाज को संगठित रहने, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि गौ सेवक एवं कथावाचक पुरुषोत्तम राजपूत ने हिंदू संस्कृति, संस्कार और एकता के महत्व को और अधिक सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज सेवा एवं राष्ट्रहित में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए गौविज्ञान की वैज्ञानिक उपयोगिता और गौ–संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन मे समाज के विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाज प्रमुखों का भव्य एवं गरिमामय सम्मान किया गया। साथ ही हिंदू सम्मेलन नगर आयोजन समिति बालोद द्वारा नगर की विभिन्न महिला मानस मंडलियों को स्मृति चिन्ह एवं भारत माता का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति में संयोजक दीपक यादव, सह संयोजक गंगाधर सोनवरसा एवं पद्मिनी साहू, कोष प्रमुख राहुल जाजू तथा प्रचार प्रसार प्रभारी विमल राखेचा, छगन यादव, संतोष दुवे, हरीश दहिया, पवन गौतम, रानी योगी, ममता मधुकांत, छोटेलाल चंद्राकर, रोहनी साहू, पूजा जेन, संदीप वन्देवार, कादम्बिनी यादव, किशन देवांगन, भागीरथी यादव, हिम्मत एवं पोखन का विशेष योगदान रहा। भव्य हिंदू सम्मेलन ने समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा का संचार करते हुए एक सकारात्मक और प्रेरणादायी संदेश दिया।

## स्कूली बच्चों को आईटीआई प्रशिक्षण के महत्व की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज. डौंडीलोहारा



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) संजारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटीआई प्रशिक्षण, कैरियर संभावनाओं एवं कौशल विकास के महत्व से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर आईटीआई संजारी के प्रशिक्षक करमदीप सिंह एवं निशांत अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर द्वारा किया गया।

प्रशिक्षक करमदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आईटीआई पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जाता है, जिससे छात्र उद्योग-विशिष्ट कौशल सीखकर कम समय में रोजगार के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी आईटीआई में शुल्क बहुत कम होता है तथा छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे यह आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए भी सुलभ है। मुख्यवक्ता निशांत अग्रवाल ने विभिन्न ट्रेडों की जानकारी देते हुए बताया कि कोपा ट्रेड के माध्यम से कंप्यूटर संचालन, सॉफ्टवेयर उपयोग एवं बुनियादी प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण मिलता है, जिससे आईटी क्षेत्र में सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन एवं फिटर ट्रेड के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्र रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने वक्ता द्वय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुलाब सिंह नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पलारी में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा दिवस और मातृ शक्ति सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- कलश शोभायात्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ

ओंकारेश्वर शिक्षण समिति नगर पंचायत पलारी व सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर पंचायत पलारी द्वारा प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा दिवस व मातृ शक्ति सम्मेलन, वार्षिक सम्मेलन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर परिसर नगर पंचायत पलारी में 22 जनवरी को किया गया है। जिसमे 22 जनवरी को प्रातः 09 बजे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा वर्शगांठ दिवस के अवसर पर कलश शोभायत्र निकाली जाएगी जो ओंकारेश्वर शिव मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। दोपहर 12 बजे से प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ हवन पूजा, आरती संपन्न होगा। दोपहर 01 बजे दीप प्रज्वलन एवं गोपुरम, योगचाप व समता प्रदर्शन होगा। जिसमे मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पलारी गिरीश कुमार साहू रहेंगे। अध्यक्षता मानस व्याख्याकार एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक वेदप्रकाश वर्मा करेंगे। विशेष अतिथि सेवा निवृत्त प्रधान पाठक सांगली एमआर सोनवानी, सेवा निवृत्त व्याख्याता भिरई बीआर साहू, सेवा निवृत्त व्याख्याता पलारी बीआर जाटवर, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंवर मनहरण वैका उपस्थित रहेंगे। दोपहर 2 बजे मानस गान प्रारंभ में विशेष आगमन के तहत संगठन मंत्री विद्या भारती छत्तीसगढ़ डॉ देवनारायण साहू, जिला समन्वयक जिला ग्राम भारती बालोद दीपक हिरवानी, सदस्य जिला ग्राम भारती बालोद जयंत साहू उपस्थित रहेंगे।

शाम 6 बजे प्रतिभावान भैया, बहनो का सम्मान एवं समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्माकर वायकर, कमल सिन्हा, अध्यक्ष शीतला सेवा समिति एवं उन्नतशील कृशक पलारी तेजराम सुनगुर्द, प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति पलारी नंदकुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति पलारी डामन लाल सोनबेर, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति उच्च माध्यमिक विद्यालय पलारी मनीश गुरूपंच, योगेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण, मुकेश अडील, उपाध्यक्ष भाजपा जनता युवा मोर्चा गुरूर गजेन्द्र महमल्ला, गणेश राम साहू, पोशण लाल, जगदीश गुरूपंच उपस्थित रहेंगे।

## मनोहरा सिकोसा में भक्त गुहा निषादराज जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलश शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ
- विधायक कुंवर सिंह निषाद रहे मुख्य अतिथि

जिले के ग्राम मनोहरा सिकोसा में भक्त गुहा निषादराज जयंती का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान निषादराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पुर्व समाज द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाली गई। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि भक्त गुहा निषादराज मित्रता और सेवा के प्रतीक हैं। भगवान श्रीराम और निषादराज की मित्रता हमें सिखाती है कि समाज में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। हमें उनके बताए सत्य और सेवा के मार्ग पर चलकर समाज को संगठित और सशक्त बनाना चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने संबोधन में निषाद समाज की गौरवशाली परंपरा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रें में इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजन आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने समाज की महिलाओं और युवाओं को शिक्षा व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तारणी ने कहा कार्यक्रमों मे महिलाओं की उपस्थिति रहती है, महिलाएं समाज मे समृद्वि, विकास के लिए सक्रिय सहभागिता निभाएं, तारणी ने कहा जब महिलाएं शिक्षित होती है तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होता है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, ग्रामीण अध्यक्ष धनसिंह साहू, पांच गईया निषाद समाज भाटागांव मिठ्ठू निषाद, सामाजिक अध्यक्ष कली राम निषाद, पंच हेमन्त चंद्राकर, पंच परमिला बाई, पंच मालती बाई, सुखीराम निषाद, रेखराम निषाद, नकुल दास मानिकपुरी, यादूराम निषाद, दिनेश पटेल उद्घोषक सहित निषाद समाज के पदाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और बड़ी संख्या में निषाद समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## रेंगाडबरी में 25 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल



**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य शासन की निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 25 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। साइकिल वितरण के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यालय तक आवागमन को सुगम बनाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष जयेश जैन, तुलेश साहू, निरंजन पडौती सहित विद्यालय के प्राचार्य जी. आर. भुआर्य, एल. एल. गोटे, सुधीर साहू, सुरेंद्र साहू, कौशल्या रावटे एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 छग की तैयारी तेज, आज से शुरू होगा विशेष प्रशिक्षण शिविर

**बालोद।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के प्रथम संस्करण का आयोजन 14 फरवरी से अस्थायी रूप से छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के दल गठन के लिए 06 से 08 जनवरी तक रायपुर में हॉकी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग व कुश्ती एवं बिलासपुर में एथलेटिक्स, तीरंदाजी व तैराकी हेतु चयन ट्रायल आयोजित किए गए थे। ट्रायल समिति द्वारा योग्य खिलाड़ियों के चयन उपरांत चयनित खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची भी जारी कर दी गई है। खेलो इंडिया ट्राइबल्स गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों का 22 जनवरी से 05 फरवरी तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में विस्तृत सूचना और दिशा–निर्देश पृथक से जारी की जाएगी।

## शहीद वीर गैदसिंह नायक की 201वीं श्रद्धांजलि समारोह मनाई गई



**डौंडीलोहारा।** शहीद वीर गैदसिंह नायक जी की 201वीं श्रद्धांजलि समारोह एवं राष्ट्रीय महासभा का आयोजन 20 जनवरी को ग्राम नर्राटोला, विकास खंड डोंडी में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अखिल भारत के हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के लोगों ने अपने महान शहीद को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान समाज के लिए गौरव का क्षण उस समय आया, जब ब्लॉक के ग्राम गैजी निवासी रोहित कुमार आलेन्द्र, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पुत्र मनीष कुमार आलेन्द्र के वित्त सेवा अधिकारी के पद पर नियुक्त होने पर समाज द्वारा सम्मान किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि मनीष कुमार आलेन्द्र की यह उपलब्धि समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से निरंतर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षा के माध्यम से उच्च पद प्राप्त कर समाज एवं देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। साथ ही माता–पिता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च कर्तव्य बताते हुए उनके प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में शहीद वीर गैद सिंह नायक जी के बलिदान को स्मरण करते हुए समाज की एकता, शिक्षा और उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना के संदेश के साथ हुआ।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बालोद जिले के अंतर्गत अर्जुन्दा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8085026287, 9425559113
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)
8370049468, 9098595071

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411